श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 164, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार, 19 जनवरी, 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## यूपी का बजट इस बार होगा खास

### सीएम योगी आदित्यनाथ का विभागों को निर्देश- जल्द करें फाइनल

**सीएम योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है कि बजट में आवंटित पैसे का सदुपयोग किया जाए। आवंटित बजट के उपयोग के संबंध में सभी विभागाध्यक्षों को समीक्षा करने के लिए कहा गया।**



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी की नजर योगी सरकार के अगले बजट पर है। ऐसे में इस बजट को सबसे खास बनाने की कोशिश शुरू हो गई है। यूपी सरकार ने बजट की तैयारी भी तेज कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि सभी विभाग विचार-विमर्श कर लें और अगले वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है कि बजट में आवंटित पैसे का सदुपयोग किया जाए। आवंटित बजट के उपयोग के संबंध में सभी विभागाध्यक्षों को समीक्षा करने के लिए कहा गया है। प्रदेश का बजट जल्द तैयार करने का निर्देश देने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत सरकार भी केंद्रीय बजट बना रही है। प्रदेश सरकार के जिस विभाग ने अभी तक प्रस्ताव नहीं भेजा है, वह जल्द ही प्रस्ताव प्रेषित कर दे।

बता दें कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में योगी सरकार के मौजूदा कार्यकाल का आखिरी बजट होगा। ऐसे में विधानसभा चुनाव से पहले के इस बजट को सबसे खास बनाने की कोशिश शुरू हो गई है। जानकार बताते हैं कि यह बजट नए रूप में पेश किया जा सकता है। इसमें हर गांव, घर, परिवार की बात होगी तो उद्यमी, किसान, महिला, नौजवान की चिंता भी नजर आएगी। व्यापारी और बेरोजगार के लिए कुछ खास होगा तो बेसहारा की सहारा बनने वाली कोई न कोई सौगात भी संभव है।

उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारियों की समीक्षा : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि आयोजन को लेकर सभी जरूरी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। इसमें एक जिला एक उत्पाद योजना से जुड़े महिला समूहों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। वहीं, धान क्रय केंद्रों पर किसानों को कोई समस्या न आए। अतिरिक्त कांटों की व्यवस्था करें और किसानों को समय पर भुगतान हो जाना चाहिए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह और मुख्य सचिव आरके तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## एफसीआइ के गोदाम फुल

### प्रतिदिन निकल रहा 18 हजार मीट्रिक टन चावल- रखने की जगह नहीं



**गोरखपुर, उमेश पाठक।** धान खरीद को लेकर सरकार की ओर से की गई बेहतर व्यवस्था का असर यह रहा कि मंडल के सभी जिलों में लक्ष्य से अधिक खरीद कुछ दिन पहले ही हो चुकी है। इतना धान खरीदा जा चुका है कि उससे मिलने वाले चावल के भंडारण को लेकर समस्या खड़ी हो गई है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) के नौ में से पांच गोदाम पूरी तरह से फुल हो चुके हैं। जो गोदाम हैं भी, उनमें करीब 22 हजार मीट्रिक टन अनाज रखने की क्षमता रिक्त है और प्रतिदिन मिलों से 300 लाट यानी 18000 मीट्रिक टन चावल निकल रहा है। हजारों मीट्रिक टन चावल के भंडारण का संकट गहराता जा रहा है।

गोरखपुर मंडल में एफसीआइ के नौ गोदाम हैं। गोरखपुर जिले में तीन, महराजगंज में तीन, देवरिया में दो व कुशीनगर में एक गोदाम है। इसमें से गोरखपुर के गीडा स्थित गोदाम, महराजगंज के तीनों

**एफसीआइ के नौ में से पांच गोदाम पूरी तरह से फुल हो चुके हैं। जो गोदाम हैं भी उनमें करीब 22 हजार मीट्रिक टन अनाज रखने की ही क्षमता रिक्त है और प्रतिदिन मिलों से 300 लाट यानी 18000 मीट्रिक टन चावल निकल रहा है।**

गोदाम, देवरिया का रघवापुर स्थित गोदाम पूरी तरह से भरा है।

गोदाम में जगह की किल्लत देखते हुए एफसीआइ चौरीचौरा व देवरिया में एक-एक गोदाम किराए पर लेने की योजना बना रहा है। इन गोदामों की मरम्मत भी करायी जाएगी। पर, यहां भी अधिकतम 25 हजार मीट्रिक टन से अधिक चावल नहीं रखा जा सकता। रविवार की शाम को खाद्य विभाग के प्रमुख सचिव के साथ हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग में यहां से कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) बाहर भेजने की अपील की गई है। पूरे प्रदेश से 50 हजार मीट्रिक टन सीएमआर के लिए रेक की व्यवस्था थी, इसमें से आधा गोरखपुर को देने पर विचार किया जा रहा है।

अभी तक मंडल में करीब पांच लाख 45 हजार मीट्रिक टन धान की खरीद हो गई है। मिलों पर कुटाई के बाद तीन लाख 88 हजार मीट्रिक टन सीएमआर प्राप्त हो चुका है। इसे गोदाम में रखना है। प्रति माह करीब 24 हजार मीट्रिक टन चावल की खपत है। इस तरह एक साल के उपयोग से अधिक सीएमआर उपलब्ध हो चुका है। बाहर से आने वाली अनाज की रेक को फिलहाल स्थगित करने पर भी विचार किया जा रहा है।

## गणतंत्र दिवस परेड में पहली बार शामिल होगा राफेल




**नई दिल्ली, एएनआइ।** इस साल यानी 2021 का गणतंत्र दिवस बहुत खास होने वाला है। भारतीय वायुसेना में हाल ही में शामिल हुए राफेल लड़ाकू विमान को इस बार परेड में हम लोग देख पाएंगे। इस बार दुनिया राफेल का दम देखेगी। इसके साथ ही परेड में 42 विमानों से आसमान गूंजेगा। रिपोर्ट की मानें तो भारतीय वायसुना परेड के दौरान मेक इन इंडिया थीम के तहत महत्वपूर्ण लड़ाकू विमानों का प्रदर्शन करेगी। ऐसा पहली बार होगा कि सार्वजनिक तौर पर राफेल का प्रदर्शन होगा। पूरी दिल्ली में फ्लाईपास्ट का समापन राफेल विमान की उड़ान के साथ ही होगा। इस दौरान परेड में फ्लाईपास्ट का समापन वर्टिकल चार्ली फॉर्मेशन में उड़ान से होगा। वायुसेना में विंग कमांडर इंद्रनील नंदी ने के मुताबिक, वर्टिकल चार्ली' फॉर्मेशन के तहत विमान निचले अक्षांशों से ऊपर की ओर उड़ान भरते हैं और कलाबाजी करते हैं। राफेल के अलावा परेड में सुखोई, मिग-29 जगुआर और कई अन्य विमानों का प्रदर्शन होगा। इसके साथ ही चिनूक ट्रांसपोर्ट हेलिकॉप्टर, अपाचे कॉम्बैट हैलिकॉप्टर सी 130 विमान भी शामिल होंगे। जस, एस्ट्रा मिसाइल और रोहिणी सर्विलांस रडार का भी दीदार होगा। बता दें कि चिनूक हेलिकॉप्टर अमेरिका में बना है और साल 2019 में वायुसेना में शामिल किया गया। अभी भारत के पास 4 चिनूक हेलिकॉप्टर है। बता दें कि इस साल कोरोना वायरस के चलते इस बार 26 जनवरी को कई बदलाव देखने को मिलेंगे। गणतंत्र दिवस को देखते हुए राजधानी दिल्ली में सुरक्ष के कड़े पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यही नहीं मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस ने कार्यक्रम में शामिल होने वाले दर्शकों की संख्या भी इस बार कम करने का फैसला लिया गया है। इस बार सिर्फ 25 हजार लोगों को ही एंट्री मिलेगी। यही नहीं कार्यक्रम के लिए जारी की गई कोरोना वायरस गाइडलाइन के अनुसार 15 साल से कम उम्र के बच्चों और 65 साल से ऊपर के बुजुर्गों को कार्यक्रम में शामिल होने की इजाजत नहीं है।


## कर्मचारियों के लिए टीका खरीदने की कतार में बड़ी कंपनियां

**बेंगलुरु, एजेंसियां।** देश में कोरोना के खिलाफ टीकाकरण की शुरूआत के साथ ही बड़ी कंपनियों ने अपने कर्मचारियों के लिए टीके की व्यवस्था की ओर पर कदम बढ़ा दिया है। बाजार में टीका उपलब्ध होते ही कंपनियां इनकी खरीद की तैयारी कर रही हैं। कई कंपनियों ने इसके लिए टीका बनाने वाली कंपनियों से संपर्क साधना भी शुरू कर दिया है। इनमें बड़ी स्टील निमार्ता कंपनियों से लेकर ऑटोमोबाइल और कंज्यूमर गुड्स तक के क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां शामिल हैं। आइटीसी के कॉरपोरेट ह्यूमन रिसोर्सेज हेड अमिताभ मुखर्जी ने बताया, 'आइटीसी निश्चित तौर पर अपने कर्मचारियों का टीकाकरण कराना चाहेगी। हमने वैक्सीन बनाने वाली कंपनियों से बात की है और बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है।' टाटा स्टील ने भी बाजार में टीका उपलब्ध होते ही अपने कर्मचारियों के टीकाकरण की बात कही है। इस दौड़ में जिंदल स्टील, महिंद्रा ग्रुप, आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड जैसी कंपनियां भी शामिल हैं।

जिंदल स्टील के चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर पंकज लोचन ने कहा, 'हम थोक आपूर्ति के लिए वैक्सीन निमार्ता कंपनियों से संपर्क कर रहे हैं। फ्रंटलाइन वर्कर्स के टीकाकरण के बाद हम वैक्सीन पाने की कोशिश करेंगे।' कंपनी ने अपने यहां कर्मचारियों की श्रेणियां भी बना ली हैं। 50 साल से ज्यादा और कोरोना से संक्रमित हो चुके लोगों को पहले टीका दिया जा सकता है।

## प्रोन्नति में आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से मांगा नोट

**एससी एसटी को प्रोन्नति में आरक्षण और परिणामी वरीयता के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों से कहा है कि वे कोर्ट में लंबित अपने कानूनी मुद्दों का एक लिखित नोट बना कर अटार्नी जनरल को सौंपे। इसके लिए दो हफ्ते की मोहलत दी गई है।**



**नई दिल्ली, जेएनएन।** एससी एसटी को प्रोन्नति में आरक्षण और परिणामी वरीयता के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों से कहा है कि वे कोर्ट में लंबित अपने कानूनी मुद्दों का एक लिखित नोट बना कर अटार्नी जनरल को सौंपे। कोर्ट ने राज्यों के एडवोकेट आन रिकार्ड को दो हफ्ते में लिखित नोट सौंपने का आदेश दिया है। राज्यों के नोट देखकर अटार्नी जनरल सुप्रीम कोर्ट के विचार के लिए कानूनी मुद्दे ड्राफ्ट कर चार सप्ताह में कोर्ट में दाखिल करेंगे। कोर्ट ने मामले को छह सप्ताह बाद सुनवाई पर लगाने का निर्देश दिया है।

एससी एसटी को प्रोन्नति में आरक्षण और परिणामी वरीयता के मामले में सुप्रीम कोर्ट के 15 अप्रैल 2019 के आदेश से फिलहाल यथास्थिति कायम है। ये आदेश सोमवार चीफ जस्टिस एसए बोबडे, एल.नागेश्वर राव और वी.सरन की पीठ ने एससी एसटी को प्रोन्नति में आरक्षण और परिणामी वरीयता देने के मामले में कोर्ट द्वारा एम.नागराज मामले में दी गई व्यवस्था पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिए।

पीठ ने कहा कि इन याचिकाओं में सुप्रीम कोर्ट के एम.नागराज मामले में 2006 को दी गई व्यवस्था लागू करने का मुद्दा शामिल है। उस फैसले में सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने एससी एसटी को प्रोन्नति में आरक्षण देने का प्रविधान करने वाले कानून को तो सही ठहराया था लेकिन यह भी कहा कि ऐसा करने से पहले सरकार को पिछड़ेपन और पर्याप्त प्रतिनिधित्व न होने के आंकड़े जुटाने होंगे।

बहुत से राज्यों और संगठनों ने इस मामले में याचिका दाखिल कर कोर्ट से स्थिति स्पष्ट करने का आग्रह किया है। पीठ ने कहा कि कई राज्यों में प्रोन्नति में आरक्षण का मामला अटका है। लेकिन राज्यों में समान कानूनी मुद्दे नहीं हैं। इस मामले की सुनवाई में तेजी के लिए उचित यही होगा कि सभी राज्यों के एडवोकेट आन रिकार्ड अपने राज्य के कानूनी मुद्दों के बारे में दो सप्ताह में एक लिखित नोट अटार्नी जनरल को देंगे।

मालूम हो कि राज्यों की ओर से सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा दाखिल करने के लिए एडवोकेट आन रिकार्ड ही अधिकृत होते हैं। सभी राज्यों के अपने पैनल पर एडवोकेट आन रिकार्ड वकील सुप्रीम कोर्ट में हैं। अटार्नी जनरल राज्यों के नोट मिलने पर वकीलों के साथ एक बैठक करेंगे। इसके बाद राज्यों के केस नंबर के साथ कानूनी मुद्दों की सूची कोर्ट में दाखिल करेंगे।

## गुरु गोविंद सिंह जयंती पर अवकाश की मांग, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्यों को जारी किया नोटिस



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** सिखों के 10वें गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और राज्यों को नोटिस जारी किया। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, जस्टिस एल. नागेश्वर राव और जस्टिस विनीत सरन की पीठ ने आल इंडिया शिरोमणि सिंह सभा की याचिका पर उक्त नोटिस जारी किया।

याचिका में देश में सार्वजनिक या राजपत्रित अवकाश घोषित करने के उद्देश्य से विशेष दिशानिर्देश जारी करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश देने की मांग भी की गई है।

याचिकाकर्ता संगठन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने पीठ से अनुरोध किया कि मामले को अगले हफ्ते सूचीबद्ध किया जाए ताकि गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर इसी साल राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जा सके। इस पर पीठ ने कहा कि वह इस पर विचार करेगी। बता दें कि सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह की जयंती इस वर्ष 20 जनवरी 2021 को पूरे देश में धूमधाम से मनायी जायेगी। इस उत्सव को 'प्रकाश पर्व' के नाम से भी जाना जाता है। गुरु गोविंद सिंह सिख धर्म के दसवें और अंतिम गुरु तथा सबसे लोकप्रिय गुरुओं में से एक हैं। बताते चलें कि गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसीलिए इस दिन को सिख समुदाय बहुत सम्मान, उमंग एवं उत्साह के साथ मनाता है।

## एमपी में वेब सीरीज तांडव पर विवाद जारी, मंत्री सारंग ने की ओटीटी प्लेटफॉर्म से हटाने की मांग



**भोपाल, राज्य ब्यूरो।** वेब सीरीज 'तांडव' में भगवान शिव और श्रीराम को लेकर दिखाए गए कथित आपत्तिजनक दृश्यों पर विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। मध्य प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने भी सोमवार को केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावडेकर को पत्र लिखकर इस वेब सीरीज को ओटीटी प्लेटफॉर्म से हटाने और इस तरह की वेब सीरीज पर नियंत्रण के लिए ठोस कानून लाने की मांग की है। इंटरनेट मीडिया पर भी कई लोग इस वेब सीरीज पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा रहे हैं।

गौरतलब है कि वेब सीरीज के पहले एपिसोड में दिखाया गया है कि जीशान अयूब छात्र के रूप में विश्वविद्यालय में एक नाटक करते हैं। इसमें वे भगवान शिव की भूमिका अभिनीत कर रहे हैं। इस दौरान उनके संवादों को लेकर कई दर्शक आरोप लगा रहे हैं कि इनसे धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। मंत्री सारंग ने इस मामले पर कहा कि हमेशा से हिंदू देवी-देवताओं को लेकर मजाक उड़ाया जाता है। उनका अपमान किया जाता है। यह सहन नहीं किया जाएगा। जावडेकर को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि यह वेब सीरीज दलित विरोधी भावना और सांप्रदायिक घृणा से भरी हुई है। गौरतलब है कि इससे पहले ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रसारित 'ए सुटेबल बॉय' वेब सीरीज के भी मंदिर में फिल्माए गए एक दृश्य को लेकर विवाद हुआ था। जिस पर मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने जांच के आदेश दिए थे। मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि यदि 'अमेजन' अपने प्लेटफॉर्म से इस वेब सीरीज को नहीं हटाता है तो उसका बहिष्कार करने का अभियान चलाया जाएगा।

## अब तक तीन लाख 81 हजार से अधिक लोगों को लगाया गया टीका

**देश में टीकाकरण अभियान के तीसरे दिन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 18 जनवरी को देश भर में टीकाकरण करने वाले लाभार्थियों की कुल संख्या शाम 5 बजे तक 148266 है। टीकाकरण के बाद देश में 580 प्रतिकूल घटनाओं की रिपोर्ट इकट्ठा की गई।**




**नई दिल्ली, एजेंसियां।** देश में कोरोना वायरस के खिलाफ टीकाकरण अभियान गति पकड़ने लगा है। तीसरे दिन करीब डेढ़ लाख लाभार्थियों को टीके लगाए गए। अब तक करीब चार लाख लाभार्थियों को वैक्सीन दी जा चुकी है, जिनमें से 580 लोगों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव नजर आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के अपर सचिव मनोहर अगनानी ने यहां संवाददाताओं को बताया कि टीकाकरण अभियान के तीसरे दिन यानी सोमवार को शाम पांच बजे तक देश के 25 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 1,48,266 लाभार्थियों को टीके लगाए गए। इनको मिलाकर अब तक कुल 3,81,305 लाभार्थियों को टीके लगाए जा चुके हैं।

टीकाकरण अभियान के पहले चरण में डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों को वैक्सीन दी जा रही है। अगनानी ने बताया कि सोमवार को वैक्सीन लेने वालों में सबसे ज्यादा कर्नाटक के 36,888 लाभार्थी शामिल थे। इसके अलावा बिहार के 8,656, मध्य प्रदेश के 6,665, दिल्ली के 3,111, तमिलनाडु के 7,628, तेलंगाना के 10,352, बंगाल के 11,588, असम के 1,822 और केरल के 7,070 लाभार्थी भी तीसरे दिन टीका लेने वालों में शामिल रहे।

अवर स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि तीनों दिन के टीकाकरण अभियान में देशभर में जितने लोगों को वैक्सीन लगाई गई है, उनमें से सिर्फ 580 लोगों में इसके प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिले हैं। इनमें से भी सिर्फ सात लोगों को अस्पताल में भर्ती कराए जाने की जरूरत पड़ी। इनमें से भी किसी पर टीके का गंभीर दुष्प्रभाव नहीं पड़ा है।

अगनानी ने बताया कि 16 जनवरी से शुरू हुए टीकाकरण अभियान में वैक्सीन देने के बाद अब तक दिल्ली में तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था, जिनमें से दो लोगों को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। एक व्यक्ति को बेहोशी की समस्या है, जिसे पटपड़गंज के मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा उत्तराखंड में एक व्यक्ति को ऋषिकेश के एम्स में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। डॉक्टर उसके स्वास्थ्य पर लगातार नजर रख रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में भी एक लाभार्थी को अस्पताल में रखा गया है। जबकि, कर्नाटक में दो व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। दिल्ली में कुछ स्वास्थ्यकर्मियों में वैक्सीन को लेकर संदेह देखने को मिला। इसके अलावा टीकाकरण अभियान में समन्वय के लिए तैयार ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को-विन में गड़बड़ियों के चलते कुछ परेशानियों को सामना करना पड़ा। इसके चलते तीसरे दिन दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में नौ और राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 20 लोगों को टीका लगाया जा सका, इनमें भी अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मी, सुरक्षा गार्ड और सफाईकर्मी शामिल थे।

# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### चोरी की एक ट्रक बालू को पुलिस ने पकड़ा, मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। बिना कागजात के चोरी की एक ट्रक बालू बेचने के लिए ले जाते समय चेकिंग के दौरान पुलिस ने पकड़ कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के फोर लेन पर चेकिंग अभियान के दौरान एक ट्रक बालू लदी प्रतापगढ़ की ओर जाते समय सब इंस्पेक्टर अजीत सिंह ने बालू के कागजात मांगे न देखा पाने पर पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक अबू बकर पुत्र नफीस ग्राम अहमदपुर असरौली थाना पूरे मुफ्ती के खिलाफ खनन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है ।

### फाफामऊ ने उग्रसेनपुर को पटखनी दिया

**प्रतापपुर।** क्षेत्र के उग्रसेनपुर क्रिकेट टूनामेंट फाइनल मैच मुकाबले में आरसीसी घोड़दौली उग्रसेनपुर टीम और फाफामऊ के बीच हुआ जिसमें फाफामऊ टीम विजेता हुई । आयोजनकर्ता अजीत पांडेय, अध्यक्ष राहुल प्रताप सिंह, दीपक सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया ।

## लाखों रुपए महीने खर्च के बाद भी एक भी पशु नहीं ?



वीरान पड़ा गौशाला का दृश्य

**लालापुर।** क्षेत्र के चकसुचेर ग्राम सभा मंदुरी गाँव पहाड़ी पर स्थित गौशाला आजकल सिर्फ कागजों में ही चल रहा है। बता दें कि सरकार द्वारा गौशाला मुहिम चलाई गई है। की पशु के लिए सरकार हर माह लाखों रुयाये खर्च कर रही कि पशुओं के लिए सारी सुविधाएं उपलब्ध की गई है । लेकिन चकसुचेर ग्राम सभा मंदुरी गाँव पहाड़ी पर स्थित गौशाला आजकल वीरान पड़ा हुआ है सिर्फ कागजों पर ही गौशाला चल रहा है।25 दिसंबर को प्रधानों का कार्यकाल खत्म हो गया है लेकिन उसके बाद भी पशु दिखा के सरकार का पैसा खर्च दिखा के कही न कही अपनी जेब भरा जा रहा है।प्रधान कार्यकाल के बाद गौशाला का जिम्मा ब्लॉक के अधिकारियों के हाथों में हो गया। गौशाला में ना ही कोई कर्मचारी है और ना ही कोई पशु गौरीसंकर ग्राम पंचायत अधिकारी सचिव तो उन्होंने बताया कि चकसुचेर ग्राम सभा मंदुरी में बने गौशाला में 82 पशु हैं।जबकी वहां एक भी नहीं थे। जब उनसे इस विषय में बात हुई तो उन्होंने बताया कि पशु चरने के लिए पहाड़ गए हुए हैं।

ब्लॉक के अधिकारियों के द्वारा आजकल गौशाला में सफाई कर्मी नियुक्त हैं। आवारा पशु रात में ठंड से बचने के लिए टीन सेट के छत के नीचे बसेरा करते हैं। बहुत से पशु यहां पर ऐसे हैं कि जिनके कानों में टैग ही नहीं लगा है, पैसा ना मिलने से कोई कर्मचारी यहां पर नहीं आता है।

आजकल गौशाला वीरान पड़ा रहता है, ना यहां पशुओं को कुछ खाने की व्यवस्था है, ना ठंड से बचने की कोई व्यवस्था है, ना ही बांधने की कोई व्यवस्था है।

(सफाईकर्मी) मनोज पाल, जीतेंद्र कुमार, गेंद लाल, वेद प्रकाश, राम लखन इस सब के पीछे सरकार से लाखों रुपये तक तनखाह दिया जाता लेकिन न कोई पशु बाड़ा में पशु न बताया जा रहा है जब बाडा बनाया गया तो चारों तरफ से तार से घेरा गया था जो इस समय नहीं हैं चोर खोल ले गए सोचने वाली बात है इतने कर्मचारियों के देख रेख होने के बाद भी जोर सक्रीय थे कही न कही अधिकारी की लापरवाही नजर आ रही है। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ की चलाई गई योजनाओं की धज्जियां उड़ाते कर्मचारी को तनिक भी भय नहीं हो रहा हैजबकि लोगों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही एक गाय ठंड लग जाने की वजह से मर भी चुकी है।

गौशाला में यह चार गौ रक्षक चराते थे पशु। मंगलदास पांडे, देव नारायण दुबे, राजेश दुबे, बब्बू उपाध्याय, गौशाला की देखरेख व सफाई व्यवस्था कर्मचारी महेंद्र भारतीय व उसकी पत्नी गीता देवी करते थे वेतन पैसा ना मिलने से इन सभी कर्मचारियों से बात हुई तो उन्होंने बताया कि, गौशाला में ना कोई व्यवस्था है, और ना ही पशु हैं, और ना ही हम लोगों को पैसा मिलता है, इसी वजह से हम लोग गौशाला जाना बंद कर दिए।

## घर में घुस कर मारपीट नौ लोग नामजद

**गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर की मारपीट में नौ के खिलाफ नामजद तथा बीस अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज।**

**सहसों।** सराय इनायत थाना क्षेत्र के सहसों पुलिस चौकी परिधि क्षेत्र के सहसों बाजार में शनिवार की रात लगभग दस बजे घर में घुस कर गाली गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी के प्रकरण में सराय इनायत पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर नौ लोगो को नाम जद करते हुए बीस अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आरोपित है कि सहसो बाजार निवासिनी ममता गुप्ता पत्नी विमल गुप्ता शनिवार की रात दस बजे अपने घर पर थी। उस वक्त कसेरूआ कला गांव के राहुल केशरवानी पुत्र प्यारे लाल केशरवानी सहित नौ लोग तथा बीस अज्ञात लोग मिलकर गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडो से मेरे पति, देवर व जेठ तथा परिवार के अन्य सदस्यो को घर में घुस कर मारा पीटा। मामले में पीडिता ममता गुप्ता ने सराय इनायत थाने में नौ लोगो को नामजद करते हुए बीस अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की। जिसपर सरायइनायत पुलिस ने नौ लोगो को नामजद करते हुए बीस अज्ञात के खिलाफ धारा 147, 148, 323, 504, 506, 452 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है। इस सम्बंध में चौकी प्रभारी सहसों भीष्म नारायण सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## पुलिस ने जंघई बाजार में रात्रि गश्त किया

**प्रतापपुर।** क्षेत्र के जंघई बाजार में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए सरायममरेज इंस्पेक्टर भरत कुमार के नेतृत्व में चौकी प्रभारी जंघई अजय कुमार मिश्रा एवं थाने और चौकी के कांस्टेबल जंघई बाईपास से लेकर हंडिया रोड होते हुए बाजार की सभी गलियों में पैदल गश्त किया ।और व्यापारियों से कानून व्यवस्था को लेकर बातचीत किया तथा बाजार में टहल रहे संदिग्ध लोगों से पूछताछ किया। इंस्पेक्टर भरत कुमार ने बताया कि पंचायत चुनाव के मद्देनजर सरायममरेज क्षेत्र के समस्त गाँव, बाजार में आपराधिक गतिविधियों तथा अराजकता फैलाने वालों के उपर कठोर कार्यवाही हेतु यह गश्त अनवरत जारी रहेगी।



जंघई बाजार में गश्त करती पुलिस

## ...तो फिर राजस्व अभिलेखों में दर्ज सरकारी भूमि को निगल गया आसमान

**कई बार शिकायत के बाद भी सरकारी जमीन को खोजने के नाटक तक सीमित रह गए राजस्व कर्मी**

**कौशाम्बी।** सरकारी जमीनों की सुरक्षा का जिम्मा राजस्व कर्मियों को है लेकिन सरकारी जमीनों को सुरक्षित करने में विफल हो चुके राजस्व कर्मी अब आम जनता की शिकायत के बाद भी सरकारी जमीनों को खोज कर उनकी सुरक्षा का जिम्मा नहीं उठा रहे हैं जिससे इन राजस्व कर्मियों की सरकारी भूमि पर कब्जा धारकों से अवैध वसूली और संलिप्तता जगजाहिर हो रही है आखिर सरकारी जमीनों की सुरक्षा न कर पाने वाले राजस्व कर्मियों पर कब दंडात्मक कार्रवाई होगी प्रत्येक महीने एंटी भू माफिया की बैठक में यह जमीन कब्जा मुक्त है और मुख्यमंत्री को भेजी गई सूचना में इस जमीन को कब्जा मुक्त बताया गया है।

गौरतलब है कि मंझनपुर तहसील क्षेत्र के रकस्वारा कटरा ग्राम सभा की आराजी संख्या 82 सरकारी अभिलेखों में सरकारी भूमि के नाम से दर्ज है इस भूमि पर गांव के ही राधेश्याम जायसवाल कमलेश जायसवाल बच्चा लाल जायसवाल और उनके परिजनों ने जमीन को कब्जा कर उसके खेत की मेड बंदी को तोड़कर अपने खेत में मिला लिया है और सरकारी भूमि पर खेती कर खेत की फसलों को बेचकर अपने घर में रख रहे हैं लेकिन राजस्व अभिलेख में दर्ज आराजी संख्या 82 राजस्व कर्मियों को जमीन में ढूंढे नहीं मिल रही है इस सरकारी जमीन को कही आसमान तो नहीं निगल गई है अब यह एक अलग जांच का विषय है। इसी भूमि पर ब्रिटिश पीरियड में सरकारी प्राइमरी स्कूल बना था उस भवन को भी इन दबंगों ने तोड़ दिया है सरकारी भूमि पर कब्जा और ब्रिटिश प्राइमरी स्कूल को तोड़ दिए जाने की शिकायत कई बार ग्रामीणों ने तहसील से लेकर जिले तक की लेकिन दबंगों का बाल बांका नहीं हो सका सरकारी जमीन के इसी प्रकरण पर 12 जनवरी को जिलाधिकारी के जनता दर्शन में शिकायत कर दबंगों के कब्जे से सरकारी भूमि खाली कराए जाने की गुहार लगाई यह शिकायती पत्र आईजीआरएस के पोर्टल संख्या 200 1742 1000 376 पर जिलाधिकारी कार्यालय के पोर्टल पर दर्ज है मामले में एक सप्ताह के अंदर सरकारी जमीन से दबंगों का कब्जा हटाया जाने का निर्देश है। लेकिन एक सप्ताह से अधिक बीत जाने के बाद भी सरकारी जमीन को खाली कराने का प्रयास राजस्व कर्मी द्वारा नहीं किया गया है आखिर सरकारी जमीन को सुरक्षित करने की जिम्मेदारी सरकार ने किसकी तय कर रखी है क्या आम जनता ही इस सरकारी जमीनों की सुरक्षा की जिम्मेदार हैं यदि राजस्व कर्मी जमीनों की सुरक्षा के जिम्मेदार है तो बिना शिकायत किए ही उन्हें सरकारी जमीनों को दबंगों के कब्जे से मुक्त करा देना चाहिए लेकिन सरकारी जमीनों के कब्जे के मामले में ऐसा होता नहीं दिख रहा है आम जनता के बिना शिकायत के सरकारी जमीन को राजस्व विभाग कब्जा मुक्त नहीं करा सका तो उस जमीन को उन्हें आनन-फानन में कब्जा मुक्त करा देना चाहिए जिस जमीनों के कब्जे की शिकायत आम जनता ने शुरू कर दी है क्योंकि यह जवाब देही जनता के बजाए राजस्व विभाग की है लेकिन जिले में ऐसा होता दिख नही रहा है।



स्थापना दिवस मनाते अधिकारी व कर्मचारीगण

## धूमधाम से मनाया गया 23 वां स्थापना दिवस

**प्रयागराज।** रामबाग स्थित सुंदरम टावर के पास ग्रीन इंडिया ग्रुप ऑफ कंपनीज का 23 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया ' जिसमें मुख्य अतिथि सरदार पटेल डिग्री कॉलेज घटवा सोनाई करछना के प्रबंधक राम मनोहर सिंह तथा विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रांच मैनेजर बैकुंठ नाथ मिश्रा तथा शाखा विकास अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रुप से भजन गायक जितेंद्र शर्मा हास्य कवि रामप्रसाद ने देशभक्ति गीतों को लेकर समा बांध दिया।

## परिषदीय शिक्षक देख रहा विधायकी का ख्वाब

**कौशांबी।** परिषदीय विद्यालय का एक शिक्षक इन दिनों मंझनपुर विधानसभा से विधायकी के चुनाव का प्रबल दावेदार है बहुजन समाज पार्टी से पार्टी के टिकट की दावेदारी में लगा यह शिक्षक कई बार बसपा प्रमुख से भी मिल चुका है बहुजन समाज पार्टी से 20 वर्षों से अधिक समय तक मंझनपुर विधानसभा से प्रतिनिधित्व कर चुके इंद्रजीत सरोज के समाजवादी पार्टी में शामिल हो जाने के बाद इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी को दमदार प्रत्याशी नहीं दिखाई पड़ रहा है जिस पर बहुजन समाज पार्टी ने परिषदीय विद्यालय के एक शिक्षक पर दांव लगाने की कोशिश शुरू कर दी है शिक्षक से विधायक बनने का ख्वाब या शिक्षक देख रहा है और विधानसभा का चुनाव लड़ने की उसने पूरी तैयारी शुरू कर दी है इस बात से शिक्षा विभाग बेखबर है। सूत्रों की माने तो बसपा प्रमुख से शिक्षक को मंझनपुर विधानसभा से चुनाव लड़ाये जाने का कोरा आश्वासन भी मिल चुका है अब यह शिक्षक लोगों के बीच अपने वजूद की आजमाइश कर पार्टी मुखिया तक अपनी दमदारी पहुंचाने में लगे हैं परिषदीय विभाग के शिक्षक ने लोगों के बीच अपने वजूद को बनाने के लिए जनसंपर्क भी शुरू कर दिया है इतना ही नहीं भोज और मीटिंग भी शिक्षक द्वारा शुरू हो चुकी है अब बहुजन समाज पार्टी से जोर आजमाइश कर टिकट की दावेदारी में लगे उक्त शिक्षक को बहुजन समाज पार्टी से प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है।

## अयोध्या में भव्य राम मंदिर के लिए मांगा अनुग्रह राशि



अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए अनुग्रह राशि इकट्ठा करते राम भक्त

**जसरा।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए राम भक्तों की टोली बाजार व गांवों में संपर्क करके लोगों से मंदिर निर्माण के लिए निधि समर्पित करने का आग्रह किया। जसरा बाजार में मंदिर निर्माण के लिए निकली टीम ने जसरा बाजार में व्यापारियों से संपर्क करके राम मंदिर निर्माण के लिए स्वेच्छानुसार निर्माण में सहयोग राशि समर्पित करने की लिए कहा। इनमें प्रमुख रूप से बृजेश श्रीवास्तव, नंदेश्वर त्रिपाठी, कमलेश त्रिपाठी, सुबोध जायसवाल, जगत नारायण शुक्ला, अभिषेक मालवीय, विकास जायसवाल, आलोक द्विवेदी, कमला दुबे, आशीष जायसवाल आदि लोग शामिल रहे।

## अखिल भारतीय महिला किसान मोर्चा ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



हाथों में स्लोगन युक्त तख्तियां एवं झण्डे बैनर लिए नारेबाजी के साथ रैली निकालती महिलाएं



ज्ञापन सौंपने पहुंचे लोग

**जसरा।** महिला किसान दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति के आह्वान्ह पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा एवम प्रगतिशील महिला संगठन के बैनर तले खेती के तीन नए काले कानून बिजली बिल 2020 के विरोध में सभा कर गौहनिया बाजार से जसरा ब्लाक तक रैली निकाली गई एवं खंड विकास अधिकारी जसरा देवेन्द्र कुमार ओझा को तेरह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आयी महिला किसानों के हाथों में स्लोगन युक्त तख्तियां एवं झण्डे बैनर लिए नारे लगाए गये।

महिला किसान दिवस जिंदाबाद, खेती के 3 कानून, बिजली बिल 2020 वापस लो, सर्वोच्च न्यायालय याद करे - महिला हक साथ बढ़े,योद्धा जंग में साथ लदे, महिला पुरुष साथ चलें ।

खेती का तीन चौथाई काम महिलाएं करे - आंदोलन में महिलाओं का बराबर का हक जिंदाबाद,खेती के तीन कानून से जमीन व मण्डी में कारपोरेट का कब्जा बढ़ेगा,महिलाओं के जीविका के साधन छिनेंगे,सरकारी खरीद व राशन बन्द हो जायेगे, महिलाओं के हक पर हमला बन्द करो, राशन-मनरेगा में हेराफेरी बन्द करो, मनरेगा मजदूरी 200 दिन का काम दो, प्रत्येक महिलाओं को पांच सौ रुपए मजदूरी दो।

सबको काम, सबको भोजन लागू करो। 15 किलो प्रति यूनिट गल्ला, दाल, चीनी, तेल दो। कम्पनियों की दलाली बंद करो, किसानों व गरीबों का बिजली दर कम करो। फर्जी बिल ठीक करो, भ्रष्टाचार बन्द करो आदि नारे लगाए गये। अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष रामकैलाश कुशवाहा ने कहा कि कृषि में महिलाओं का योगदान तीन चौथायी है। खेती के तीन नए कानून लागू होने से खेती के जमीन के साथ महिला किसानों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा । जिस कारण भारतीय संस्कृति भी खत्म हो जाएगी।

भारतीय खेती में देश की आधी आबादी जीवन बसर करती है। बेरोजगारी और आर्थिक संकट दोनों का जुडाव किसानों के विकास से जुड़ा है, जबकि भाजपा सरकार किसानों से जमीन व कृषि बाजार छीनकर खेती को बड़े कारपोरेट के हाथों सौंप कर खेती को औद्योगिकीकरण कर कारपोरेट को लाभ पहुंचाना ही एक मात्र मकसद है। सभा के बाद रैली जसरा ब्लाक पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम तेरह सूत्रीय ज्ञापन को बीडीओ जसरा देवेन्द्र कुमार ओझा को सौंपा।

इस मौके पर शबनम, वन्दना निषाद, विद्यावती, सुषमा, हीरालाल, राजकुमार, फूलचंद्र निषाद, विनोद निषाद, सुरेश निषाद, रामू निषाद, हरिश्चंद्र पटेल आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते हुए

### धर्मांतरण विरोधी कानून पर सुनवाई 25 को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धर्मांतरण प्रतिबंधित करने के लिए प्रदेश में बने कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 25 जनवरी की तारीख लगाई है। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति गोविंद माथुर एवं न्यायमूर्ति एसएस शमशेरी की खंडपीठ ने इस संबंध में लंबित याचिकाओं के स्थानांतरण के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल होने के कारण दिया है। सोमवार को कोर्ट को बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट भी इस मामले की सुनवाई कर रहा है। वहां सभी याचिकाओं को स्थानांतरित कर एकसाथ सुने जाने की अर्जी दाखिल की गई है इसलिए अर्जी तय होने तक सुनवाई स्थगित की जाए। कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है।

## भरत जी के निधन पर हुई शोकसभा का आयोजन

**करछना।** जमुनापार के वरिष्ठ समाजसेवी भरत जी शुक्ल के निधन पर रामपुर लोक मंगल संस्थान में जुटे कवि कलाकारों, साहित्यकारों ने उन्हे याद करते हुए आकस्मिक मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया और श्रद्धांजलि दी। इस दौरान लोगों ने उनके लोक जीवन, सादगी और व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए इसे जमुनापार की अपूर्णीय छति बताया। राम लोचन सांवरिया और श्याम लाल बेगाना ने कहा कि सदैव संस्थान से जुड़े लोगों को ऊर्जा देने के साथ-साथ कार्यक्रमों में उनकी मौजूदगी और जमुनापार के बहुमुखी विकास पर हमेशा चिंतन करने की बात बहुत दिनों तक नही भूलेगी। राजेन्द्र शुक्ल ने उन्हे विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी माटी, संस्कृति और समाज से जुड़े कवि कलाकारों की हौसला अफजाई करने और इस परिपाटी को गौरवान्वित करने के लिए याद किया जाता रहेगा। इस मौके पर रामबाबू यादव, त्रिलोकी सिंह, फतेबहादुर रिषीराज, अशोक बेशरम, जितेन्द्र जलज मोनू मस्ताना, मोहिनी श्रीवास्तव, रामभोर मिश्रा, रत्नाकर तनहा, विपिन सिंह, सबरेज अहमद, संतोष शुक्ला समर्थ सहित कई क्षेत्रीय कवि, कलाकार साहित्यकार मौजूद रहे।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क की गई पूर्व सांसद अतीक के भाई अशरफ की कार

**प्रयागराज।** अतीक अहमद के भाई अशरफ के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की। अतीक के चकिया स्थित कार्यालय के पीछे खड़ी उसकी कार को कुर्क कर दिया। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर की रिपोर्ट पर धूमनगंज पुलिस ने यह कार्रवाई की। अशरफ समेत 14 लोगों पर 2018 में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा धूमनगंज थाने में दर्ज किया गया था। इसमें उसके साथ ही आबिद, तोता समेत अन्य लोग नामजद हैं। मामले की विवेचना सिविल लाइंस इंस्पेक्टर कर रहे हैं, जो आरोपियों की संपत्ति का पता लगाने में जुटे थे।
इसी दौरान उन्हें अशरफ की कार के बारे में पता चला जिसे कुर्क करने संबंधी रिपोर्ट पूर्व में ही जिला प्रशासन को भेज दी गई थी। जिला प्रशासन की अनुमति के बाद पुलिस इस कार की तलाश में जुटी थी। रविवार को पता चला कि अशरफ की कार अतीक के चकिया स्थित कार्यालय के पीछे खड़ी है। जिसके बाद धूमनगंज पुलिस ने कार को कुर्क कर कब्जे में ले लिया। इंस्पेक्टर अरुण कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि कार को कुर्क कर कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अशरफ की जिस गाड़ी को पुलिस ने रविवार को कुर्क किया, वह टोयोटा की कोरोला है। 27 साल पहले इसे अशरफ के नाम से खरीदा गया था। जुलाई 1993 में इस गाड़ी का पंजीकरण आरटीओ कार्यालय में कराया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि अतीक के जिस कार्यालय पर पुलिस कई बार कार्रवाई कर चुकी है, वहां गाड़ी दो साल से भी ज्यादा वक्त से खड़ी रही और किसी की नजर इस पर नहीं पड़ी।

# जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव सम्पन्न, मतगणना आज

**प्रयागराज।** प्रयागराज में जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव को लेकर सोमवार को गहमागहमी रही। सुबह करीब साढ़े नौ बजे मतदान शुरू हुआ। जिसमें अधिवक्ताओं ने वोटिंग किया। शुरूआत में फिलहाल मतदान की स्पीड काफी काफी धीमी रही। दोपहर बाद अधिवक्ताओं ने जमकर वोटिंग की। मतदान शाम चार बजे तक चला। अब प्रत्याशी आज होने वाली मतगणना की तैयारी में जुट गए हैं।

चुनाव मैदान में अलग-अलग पदों के लिए कुल 114 प्रत्याशी हैं और मतदाता 4116 हैं। मतदान की व्यवस्था कचहरी परिसर में की गई है, जहां 60 बूथ बनाए गए थे। 15 बैलेट पेपर टेबल रखने की व्यवस्था बनाई गई। वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए दो मंच तैयार किए गए थे, जहां से वह चुनाव की गतिविधि पर नजर रख रहे थे। मतदाता अधिवक्ताओं को वोटिंग के दौरान बार काउंसिल की ओर से जारी सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस सीओपी या बार काउंसिल का पहचान पत्र साथ रखना जरूरी था। प्रवेश द्वार पर अधिवक्ताओं की



मतदान के दौरान बाहर खड़े लोग

थर्मल स्कैनिंग से कोविड 19 की जांच भी हो रही थी। वहीं, सुरक्षा के लिहाज से पुलिस, पीएसी के अलावा आरएएफ भी तैनात रहेगी। अधिवक्ताओं के वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मनमोहन पार्क की ओर से आने वाले अधिवक्ता मेरी लूकस स्कूल में व मेरी वाना मेकर स्कूल में वाहन खड़ा करेंगे। लक्ष्मी टॉकीज की तरफ से आने वाले वकील नए वाहन स्टैंड में वाहन पार्क करेंगे। मम्फोर्डगंज की तरफ से आने वाले अधिवक्ता नवनिर्मित बिल्डिंग व रोड पर वाहनों को पार्क करेंगे। अधिवक्ता संघ के चुनाव को देखते हुए लक्ष्मी टॉकीज, जगराम चौराहा, विकास भवन, पुलिस क्लब समेत अन्य चौराहों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। आज सुबह से शाम तक कचहरी रोड पर अधिवक्ताओं को प्रवेश मिलेगा। म्योहाल चौराहा, लक्ष्मी टॉकीज चौराहा समेत अन्य मार्गों पर रूट डायवर्जन रहेगा।

## एक्सईएन की छापेमारी ने जेई की बढ़ाई मुश्किलें

**प्रयागराज।** जेई के कार्यालय ड्यूटी आना कुर्सी पर बैठकर समय व्यतीत करना फिर घर लौट जाना महंगा पड़ गया। आपको बता दें कि मेजा पूर्वांचल विद्युत वितरण उपखंड के एक्सईएन मनोज सिंह ने सूचना पर रविवार को मांडा विद्युत उप केंद्र के समीप अवैध रूप से चल रही एक बिल्डिंग की दुकान पर छापा मारा, जहां बगैर कनेक्शन के दुकानदार को धर दबोचा। इस मामले की जानकारी अस्थानी जेई सियाराम यादव को हुई तो पैरों तले जमीन खिसक गई ' वही छापेमारी के बाद एक्सईएन की गाड़ी देख जेई पसीने से तार तार हो गए। तथा छोटे बड़े कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा।

# संजय कुमार मिश्रा ने उमरे के प्रधान मुख्य इंजीनियर का पदभार ग्रहण किया

**प्रयागराज।** सोमवार को संजय कुमार मिश्रा ने उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के प्रधान मुख्य इंजीनियर का पदभार ग्रहण किया । श्री मिश्रा भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग सेवा (IRSE) के 1986 बैच के अधिकारी हैं और उन्हे रेलवे के आधारभूत संरचना के विकास और रखरखाव में 30 से अधिक वर्षों का अनुभव प्राप्त है। उन्होंने इससे पहले दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद और पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर में सीनियर डिवीजनल इंजीनियर, डिप्टी चीफ इंजीनियर, ओपन लाइन और निर्माण संगठन में मुख्य अभियंता के रूप में काम करते हुए कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का वहन किया है। श्री मिश्रा ने डबलिंग और आमान परिवर्तन आदि की कई महत्वपूर्ण निर्माण परियोजनाओं को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया है और घाघरा, राप्ती और गंगा नदियों पर महत्वपूर्ण पुलों के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है । प्रमुख मुख्य इंजीनियर उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार ग्रहण करने से पहले संजय



संजय कुमार मिश्रा

कुमार मिश्रा पूर्वोत्तर रेलवे में सीपीडी (स्टेशन डेवलपमेंट) के रूप में कार्यरत थे। एस के मिश्रा ने शरद मेहता से प्रमुख मुख्य इंजीनियर उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार ग्रहण किया है जो 26.03.2019 से इस पद पर कार्यरत थे और इस सफल कार्यकाल के उपरांत अब श्री मेहता ने उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) के पद का कार्यभार ग्रहण किया है। उत्तर मध्य रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों ने एस के मिश्रा और शरद मेहता को उत्तर मध्य रेलवे पर उनके नए और महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं।

## कुएं में गिरकर घायल युवक की मौत

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के चकदोंदी मोहल्ले में बीते चार दिन पूर्व सूखे कुएं में गिरकर घायल युवक की बीती रात इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई । जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। जानकारी के मुताबिक नैनी के चकदोंदी निवासी फैजल (25) पुत्र लल्लन बीते चार दिन पूर्व गुरुवार देर रात आग ताप रहा था। तभी वह लघुशंका करने के लिए उठा और अचानक घर के समीप स्थित एक सूखे कुएं में गिर पड़ा। सूचना पर इलाकाई पुलिस व फायर ब्रिगेड के कर्मचारी पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद घायल अवस्था में उसे कुएं से बाहर निकाला गया। आनन फानन में इलाज के लिए उसे स्थानीय एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां बीती रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# मण्डलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न

## मण्डलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में मेवालाल बिंद नौटंकी मण्डली को प्रथम स्थान

**लोकनाट्य नौटंकी प्रतियोगिता के विजेता को उ0प्र0 दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए किया गया चयनित**

**प्रयागराज।**विकास भवन स्थित सरस भवन के सभागार में मण्डलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल लोकनाट्य नौटंकी विधा से 05 टीमों ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों ने अपने अभिनय से वहां उपस्थित लोगो व निर्णायक मण्डल के सदस्यों का मन मोह लिया। निर्णायक मण्डल में अपर आयुक्त प्रथम रमेश चन्द्र (अध्यक्ष), हर्षित कुमार, केन्द्राध्यक्ष/कार्यक्रम प्रमुख दूरदर्शन, मोहन धनराज, सहायक निदेशक कार्यक्रम आकाशवाणी, अतुल यदुवंशी अध्यक्ष लोककला महासंघ, गुलाम सरवर, पाण्डुलिपि अधिकारी सस्कृति विभाग, शैलेश श्रीवास्तव, नाट्यविद् एवं इन्द्रमणि पाण्डेय, जिला सूचना अधिकारी निर्णायक मण्डल की भूमिका में मौजूद रहे। सभी प्रतियोगियों को अपना प्रदर्शन दिखाने के लिए 20 मिनट का समय दिया गया था। विजेता का चयन विषय वस्तु, वेश-भूषा एवं वाद्य्य यंत्र पर निर्धारित 20-20 अंक के आधार पर प्रतिभागियों को नम्बर दिये गये, जिसके आधार पर मेवालाल बिंद





लोकनाट्य नौटंकी का कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार व उपस्थित लोग

नौटंकी मण्डली को प्रथम स्थान, शिव प्रकाश नौटंकी मण्डली को द्वितीय एवं संतोष कुमार नौटंकी मण्डली को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्रतियोगी सांस्कृतिक दलों के द्वारा सामाजिक विषयों पर अपनी कला के माध्यम से प्रदर्शन किया गया।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का आयोजन 18 जनवरी से 17 फरवरी तक

**प्रयागराज।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रवर्तन) तृतीय दल सुरेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि दिनांक 18.01.2021 से 17.02.2021 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम 2021 आयोजन जनपद प्रयागराज में किया जा रहा है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा मासिक कार्यक्रम के प्रथम दिवस दिनांक 18 जनवरी को सम्भागीय परिवहन कार्यालय प्रयागराज में बस एसोसिएशन के पदाधिकाररियों एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गयी। यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित बुकलेट एवं पम्पलेट वितरित



सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते अधिकारी

किया गया तथा इसके अतिरिक्त जनपद में सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु प्रचार रथ को श्री आर0के0सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रयागराज ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रचार वाहन जनपद के विभिन्न स्थानों एवं चैराहों पर जाकर सड़क सुरक्षा के नियमों का प्रचार-प्रसार करेगी। कार्यक्रम में सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राज कुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन)डॉ0 सियाराम वर्मा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम अलका शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वितीय भूपेश कुमार गुप्त, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) तृतीय सुरेश कुमार मौर्य, यात्रीकर अधिकारी सुरेन्द्र कुमार एवं सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) विजेन्द्र नाथ चौधरी, संजय कुमार गुप्ता, प्रतीक मिश्र, सम्मिलित रहें।

### धूमधाम से मनाया गया 23 वां स्थापना दिवस

**प्रयागराज।** रामबाग स्थित सुंदरम टावर के पास शनिवार को ग्रीन इंडिया ग्रुप ऑफ कंपनीज का 23 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सरदार पटेल डिग्री कॉलेज घटवा सोनाई करछना के प्रबंधक राम मनोहर सिंह तथा विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रांच मैनेजर बैकुंठ नाथ मिश्रा तथा शाखा विकास अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रुप से भजन गायक जितेंद्र शर्मा हास्य कवि रामप्रसाद ने देशभक्ति गीतों को लेकर समा बांध दिया' इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकताओं को मुख्य अतिथि वह विशिष्ट अतिथियों ने सम्मान से सम्मानित किया। नसरीन एंड शबरीन बानो ने अपने गजल गायकी से सभी को भावविभोर कर दिया।

# दुकान में घुस चोरों ने पार कर दिया 3 लाख का सामान

**प्रयागराज।** एक तरफ जहां सीतलहरी से लोगों का हाल बेहाल है वहीं दूसरी तरफ चोरों के चांदी ही चांदी है'रविवार की रात चोरों ने शहर से सटे झूंसी के अंदावा इलाके में एक किराना दुकान में घुसकर काजू बादाम जैसे सूखे मेवे राशन के सामान क्रीम पाउडर साबुन नगदी समेत करीब तीन लाख रुपये का सामान उठा ले गए। दुकानदार ने थाने में तहरीर दी है की तहरीर पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार झूंसी थाना के अंदावा चौराहे पर पंकज केसरवानी का मकान है। ऊपरी तल पर परिवार के लोग रहते हैं जबकि निचले हिस्से में पंकज ने जनरल स्टोर खोल रखा है। रविवार देर शाम पंकज ने दुकान बंद की थी। सोमवार सुबह वह दुकान खोलने नीचे आए तो शटर टेढ़ा मिला। उन्होंने किसी तरह शटर उठाया तो अंदर सब कुछ अस्त व्यस्थ था। पता चला कि शटर टेढ़ाकर दुकान में चोरी कर ली गई थी। चोरो ने शटर टेढ़ा कर कैश बॉक्स में रखे करीब 45 हजार रुपये और सूखे मेवे समेत करीब ढाई लाख के किराने पर हाथ साफ कर दिया था। खबर फैली तो वहां भीड़ लग गई। खबर पाकर पुलिस भी वहां पहुंच गई। पुलिस ने बगल में लगे सीसी कैमरे की फुटेज देखी। उसमे तीन लोग पैदल दुकान की ओर आते दिखे हैं। उन्होंने ही चोरी की थी। पुलिस का कहना है कि चोरों का पता लगाया जा रहा है।

### 30 जनवरी तक सहायक संपत्ति अधीक्षक के पास फार्म जमा करें आवंटी

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं मैं आवंटित संपत्तियों का कब्जा किन्ही कारणों से नहीं दिया जा पा रहा है ऐसी संपत्तियों के निस्तारण हेतु ऐसे आवंटी जो कब्जा नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं 30 जनवरी तक किसी भी कार्य दिवस में सहायक संपत्ति अधीक्षक के कार्यालय में फार्म भर कर जमा करें निर्धारित अवधि समाप्त होने के उपरांत यह फार्म स्वीकार नहीं या जाएगा।

### एसबीआई और सेवा संकल्प ने बांटे कम्बल

**माण्डा।** भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ मण्डल एवम सेवा संकल्प संस्थान ने करीब 300 लोगों को जो गरीब निर्धन असहाय दिव्यांग थे माण्डा में स्थित शिशु वाटिका स्कूल महेवा कला में वितरण किया गया। वितरण कार्य हिमांशु शेखर उप महाप्रबंधक सेल्स हेड प्रयाग्राज ने किया। सेवा संकल्प के सदर अशोक कुमार ने बताया कि निह शुल्क चिकित्सा हेतु डिस्पेंसरी व आवासीय विद्यालय आदि की भी व्यवस्था संस्था कर रखी है।

# वीर नारियों और पूर्व सैनिकों का किया सम्मान

**प्रयागराज।** वेटरेनस इंडिया प्रयागराज इकाई की ओर से शिवाय वाटिका सैनिक कॉलोनी में वेटरन डे एवं पूर्व सैनिक- वीर नारी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पांच वीर नारियों राधा देवी, कंचन देवी, संतोष देवी, सुषमा रानी, कुसमा देवी को सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। 70 वर्ष से अधिक आयु के पूर्व सैनिकों राजन त्रिपाठी, शिवप्रसाद, हरीश चंद्र पांडेय,



कार्यक्रम में सम्मानित वीर नारियां व पूर्व सैनिक

बनवारी लाल आदि को भी सम्मानित किया गया।

समाज सेवा व संगठन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कारगिल युद्ध विजेता पूर्व सूबेदार श्याम सुंदर सिंह पटेल, आईसी तिवारी, जेबी राय, पवन कुमार गुप्ता, श्रीराम शिवहरे सहित लगभग 25 लोगों को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता व संचालन एके तिवारी एवं श्रीराम शिवहरे ने किया। मुख्य अतिथि सांसद केशरी देवी पटेल ने वर्चुअल माध्यम से शुभकामनाएं दी।

विशिष्ट अतिथि पूर्व कमिश्नर आरएस वर्मा ने कहा कि पूर्व सैनिक इस देश के गौरवशाली नागरिक हैं, उनका जितना सम्मान करें वह कम है। भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर होगा। रीता सोढ़ी, मंजू सिंह, पूनम सिंह, सुरेश तोमर, रमेश, राजन शुक्ला, अमर सिंह, राजू पाठक, बृजेश मिश्रा, श्याम प्रकाश पांडेय, वीके आदि रहे।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## 63% अभ्यर्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में पीएचडी प्रवेश के लिए शहर के 12 केंद्रों पर संयुक्त शोध प्रवेश परीक्षा (क्रेट) 2020 कराई गई। परीक्षा के लिए पंजीकृत 6092 अभ्यर्थियों में से 3836 (62.97 प्रतिशत) उपस्थित रहे। 2256 अभ्यर्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। कोरोना के कारण अभ्यर्थियों को मास्क और सेनिटाइजर लाने को कहा गया था। जांच के लिए प्रत्येक केंद्र पर मेटल डिटेक्टर लगाए गए थे। कोरोना के कारण क्रेट के आयोजन में देरी हुई है। ऑफलाइन परीक्षा के लिए आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, सीएमपी डिग्री कॉलेज, जीनियर पब्लिक इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, केपी उच्च शिक्षा संस्थान, नारायण उच्च शिक्षा संस्थान, रानी रेवती देवी इंटर कॉलेज, सरस्वती बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, महावीर प्रसाद इंटर कॉलेज, बाल शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज और माणव ज्ञान केंद्र को सेंटर बनाया गया था।

# ऑफलाइन कक्षा संचालन के लिए छात्रों ने किया जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में ऑफलाइन कक्षा संचालन, सेंट्रल लाइब्रेरी खोलने और हॉस्टल आवंटन की मांग को लेकर छात्रों ने सोमवार को छात्रसंघ भवन के सामने जमकर हंगामा नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान अपनी मांगों को लेकर एक संयुक्त मोर्चा ह्यफोरम फॉर रिओपेन कैम्पसेज (एफआरसी) का गठन किया। एफआरसी में आइसा, दिशा, इंकलाबी छात्र मोर्चा और एसएफआई से जुड़े छात्रों ने इविवि प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

छात्रों का कहना है कि कोरोना की आड़ में हमारी शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद किया जा रहा है। ऑनलाइन शिक्षा कभी ऑफलाइन शिक्षा का विकल्प नहीं हो सकती। जब प्राइवेट यूनिवर्सिटी, प्राइवेट कॉलेज व प्राइवेट कोचिंग खुल गए हैं तो हमारे विश्वविद्यालयों को



प्रदर्शन करते छात्र

क्यों नहीं खोला जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आंदोलन में शामिल छात्रों को कारण बताओ नोटिस भेजने की भी निंदा की। मंगलवार से विश्वविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान शुरू करने का निर्णय भी किया जाएगा। हाला के विश्वविद्यालय प्रशासन कोरो ना महामारी का हवाला देते रहा।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी



## संक्षेप समाचार

### प्रहरी एप्स की मदद से शिकायतों का निस्तारण होगा आसान

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार आम जनता के लिये सदैव प्रयासरत रहती है और तरह के विकल्प ढूंढ कर लाती है। आम जनता के शिकायतों का निस्तारण हेतु नया एप्स लाया गया है जिसे प्रहरी एप्स से जाना जाएगा। कौशाम्बी पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने भी जिले के सभी थानों के प्रभारियों को इसकी जानकारी देते हुए आम लोगों तक एप्स की जानकारी पहुचाने का कार्य सौंपा है। इसी क्रम में सराय अकिल थाना प्रभारी ने थाना परिसर के अन्दर सभी दरोगा और चौकी इंचार्ज और चौकीदार को प्रहरी एप्स की जानकारी दियाऔर आम लोगों तक इसकी जानकारी पहुचाने का कार्य करने को कहा।

### पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र में एक वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना चरवा पुलिस द्वारा मुअसं0 11/21 धारा 147/148/452/504/506 भादवि0 में वांछित अभियुक्त फखरुल इस्लाम पुत्र मोहम्मद इस्लाम निवासी सैयद सरावा थाना चरवा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

## नलकूप पर सो रहे युवक की हत्या का खुलासा

### अवैध संबंधों के चलते युवक की हत्या के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कौशाम्बी।** मंझनपुर सर्किल क्षेत्र के कौशांबी थाना अंतर्गत सिंघवल गांव के मजरा आरखा के पास नलकूप में सो रहे एक युवक की फावड़े से हत्या किये जाने की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया है अवैध सम्बन्धो के चलते हत्याकांड की घटना को अंजाम दिया गया था घटना क्रम के मुताबिक 08 जनवरी की आधी रात को कौशांबी थाना क्षेत्र के सिंघवल गांव निवासी प्रमोद कुमार पांडेय उम्र लगभग 23 वर्ष पुत्र सत्यदेव पांडेय की फावड़ा मार कर हत्या कर दी गई है।

पुलिस के मुताबिक अवैध सम्बन्धो के चलते युवक की हत्या की गई थी युवक के हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है। एसपी कौशाम्बी अभिनंदन सिंह के कुशल निर्देशन में जिले की एसओजी प्रभारी संजय गुप्ता एवं कौशांबी थाना पुलिस ने हत्याकांड का पदार्फाश किया है पुलिस ने चचेरे भाई व पड़ोसी गांव के दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है।अपनी साली के साथ नाजायज संबंधों की जानकारी होने पर साथियों संग मिलकर चचेरे भाई की फावड़े से काट कर हत्या कर दी गयी थी आरोपियों ने घटना कबूल कर ली है हत्याकांड का मुख्य आरोपी सोनू पांडेय ने बताया कि 8 जनवरी की रात नलकूप के भीतर चचेरे भाई प्रमोद पांडेय के सिर पर फावड़ा मारकर हत्याकांड को अंजाम दिया गया था पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह ने प्रेस वार्ता कर घटना का सनसनीखेज खुलासा किया है उन्होंने बताया कि मृतक प्रमोद पांडेय का अपने चचेरे भाई की साली के साथ अवैध संबंध था। इस बात की जानकारी चचेरे भाई को हुई तो वह आग बबूला हो गया और अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। उन्होंने यह भी बताया कि मृतक प्रमोद का गांव के अलावा आस पड़ोस के गांव के कई महिलाओं व युवतियों से अवैध संबंध था। जिससे उनके परिजन रंजिश रखते थे।



हत्याकांड का खुलासा करते अपर पुलिस अधीक्षक पीछे खड़े हत्या अभियुक्त

## पति को जेल भेजने की विवाहिता ने लगाई गुहार

**कौशाम्बी।** पति की प्रताड़ना से आजिज एक विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर पति पर मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजने की मांग की है घटनाक्रम के मुताबिक पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के करनपुर निवासी कल्लू ने अपनी बेटी पुष्पा कि शादी लगभग चार साल पहले पिपरी थाना क्षेत्र के मेंडवारा गांव निवासी भैयालाल के बेटे दिलीप के साथ किया है। पुष्पा देवी ने बताया उसका पति शराबी है और आये दिन उसके साथ मारपीट करता है। सोमवार की दोपहर दिलीप नशे में धुत होकर घर में पहुंचा और पत्नी पुष्पा को गाली गलौज करने लगा । इस बात का विरोध पुष्प ने किया तो पति ने उसे मार पीट कर घर से निकाल दिया विवाहिता ने थाने पहुंच कर पुलिस से शिकायत कर न्याय मांगा है।

## राष्ट्रीय किसान मोर्चा के वैनर तले किसानों ने किया प्रदर्शन

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय किसान मोर्चा के बैनर तले संगठन के पदाधिकारियों ने रविवार को नारेबाजी करते हुये अतरिक्त एसडीएम को ज्ञापन दिया है।किसानों की समस्याओं को दूर करने की मांग करते संगठन के पदाधिकारियों संग अलग अलग ब्लाक के कार्यकताओं ने कचहरी परिसर में आवाज बुलंद की। सिविल लाइंस स्थित अम्बेडकर चैराहे पर नारेबाजी करने के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने अतरिक्त एसडीएम को मांगो का ज्ञापन सौंपा।इस दौरान संगठन के लोगों की भीड़ को देख मौके पर पुलिस टीम भी तैनात रही।




प्रदर्शन करते किसान

## छह ब्लाकों में शादी के बंधन में बंधे 101 जोड़े

### पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ विवाह समारोह

**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत आज कार्यक्रम स्थल विकास खण्ड लक्ष्मणपुर में 18, सण्ड़वा चन्द्रिका में 20, कालाकांकर में 23, लालगंज में 18, पट्टी में 11 और गौरा में 11 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। इस प्रकार आज जनपद के 06 ब्लाकों में कुल 101 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड लक्ष्मणपुर में विधायक विश्वनाथगंज डा0 आर0के0 वर्मा, लालगंज में मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, पट्टी में ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं विशिष्ट आगन्तुकों ने सम्बन्धित विकास खण्डों में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला व मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रशंसा की व वर-वधू के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि यह योजना गरीब, असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों के पुत्रियों के जीवन में खुशहाली लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। इस दौरान सम्बन्धित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी एवं अन्य सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक, मुख्य विकास अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का प्रमाण पत्र भी वितरित किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कन्या के दाम्पत्य के जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि रुपए 51000 प्रदान की जाती है जिसमें रुपए 35000 की धनराशि कन्या के बैंक खाते में अन्तरित की जाती है, विवाह संस्कार के लिये आवश्यक सामग्री (कपड़े, बिछिया, चांदी के पायल एवं सात बर्तन) हेतु रुपए 10000 तथा कार्यक्रम के आयोजन हेतु रुपए 6000 की धनराशि व्यय की जाती है।



नव विवाहित जोड़े को उज्जवल भविष्य की कामना करते विधायक डा. आर के वर्मा सीडीओ व अन्य

### संदिग्ध दशा में युवक ने खाया जहर

**रानीगंज।** संदिग्ध दशा में युवक ने जहर खा लिया। जानकारी होने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर भागे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रानीगंज थाना क्षेत्र के पचरास गांव के (20) वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। जानकारी होने पर परिजन उसे आनन-फानन में रानीगंज सरकारी अस्पताल ले गए। वहां हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### महिला को पीटा

**पट्टी।** घर में घुसकर दबंगों ने महिला की जमकर पिटाई की। उसके कपड़े फाड़ डाले। अभद्रता भी की। पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पट्टी थाना क्षेत्र के बरहूपुर गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार दोपहर घर के सामने अकेली बैठी थी। इसी पड़ोस के चार लोग लाठी-डंडा लेकर आए और उसकी जमकर पिटाई कर दी। वह घर के अंदर भागकर गई तो आरोपित घर में भी घुस गए। उसकी जमकर पिटाई की। कपड़े फाड़ दिए। जाते समय अभद्रता भी की।



तबादले को लेकर प्रदश्रन करते अधिवक्ता

## एसडीएम के तबादले पर अड़े अधिवक्ता

### पट्टी बार ने लिया न्यायिक कार्य के बहिष्कार का निर्णय

**प्रतापगढ़।** पट्टी बार के अधिवक्ता एसडीएम पट्टी के कार्य प्रणाली से क्षुब्ध होकर तहसील परिसर में तालाबंदी करा कर हड़ताल पर रहे ।इस मौके पर एक बैठक का आयोजन कर एसडीएम के स्थानांतरण तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। अधिवक्ता अपनी मांग पर अडिग रहे कि जब तक एस डीएम पट्टी का तबादला नही हो जाता तब तक अधिवक्ता कार्य का बहिष्कार करेंगे।बैठक में बार अध्यक्ष राधा रमण मिश्र, राम गुलाब सिंह ,अशोक सिंह, अमरजीत शर्मा ,दिनेश प्रताप सिंह ,जेपी सिंह ,अरुण कुमार मिश्रा ,चंद्र प्रकाश सिंह ,राजकुमार वर्मा ,रविंद्र प्रताप सिंह ,वाजिद अली, उमेश तिवारी ,रवि सिंह आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## प्रधान पर झूठा आरोप लगाना किया शुरू

**कौशांबी।** बीते पंचवर्षीय चुनाव 2016 में चायल तहसील क्षेत्र के बसुहार ग्राम सभा से सुनीता देवी मिश्रा भारी बहुमत से चुनाव जीतकर बसुहार ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान बनी थी इसी गांव का सूबेदार पासी भी ग्राम प्रधान पद का प्रत्याशी था लेकिन जनता ने उसे नकार दिया और उसे पराजय का मुंह देखना पड़ा पराजय का मुंह देखने के बाद सूबेदार पासी जीते प्रधान से खुन्नस रखने लगा और मौके की तलाश में वह लगातार रहता था। वर्ष 2021 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सुगबुगाहट के बाद हारे प्रत्याशी सूबेदार पासी ने विजई प्रधान सुनीता देवी पर झूठा आरोप लगाना शुरू कर दिया है। सूबेदार पासी ने सुनीता देवी पर 35 हजार रुपए उधार लिए जाने का आरोप लगाया है घिनौनी राजनीति के चलते प्रधान पद पर हारे सूबेदार पासी ने निर्वाचित प्रधान सुनीता देवी मिश्रा पर आरोप लगाना शुरू कर दिया है । आरोप लगाने वाले सूबेदार पासी ने प्रधान पर ही गम्भीर फर्जी मुकदमे में फंसाने और धमकी देने का आरोप लगाया है जिस पर ग्रामीणों ने शिकायतकर्ता को झूठा करार दिया है। प्रधान सुनीता देवी ने पुलिस अधिकारियों से कहा आरोप लगाने वाले सूबेदार पासी के कारनामों की जांच कर किसी की छवि बदनाम करने वाले पर कठोर कार्रवाई करें।



सर्राफा एसोसिएशन ने सुरक्षा को लेकर की बैठक में शामिल व्यापारी

## सर्राफा एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के नेहरू नगर स्थित शिव मंदिर में सरार्फा व्यापारियों की एक बैठक रविवार को संपन्न हुई है बैठक में सरार्फा व्यवसायियों की एकजुटता और उनकी सुरक्षा पर व्यापारियों ने चर्चा की है व्यापारियों ने कहा कि इन दिनों सराफा व्यवसाई पूरे प्रदेश में असुरक्षित हैं और आए दिन सरार्फा व्यवसायियों के यहां गंभीर घटनाएं हो रही हैं। व्यापारियों ने कहा कि सरार्फा व्यवसायियों की सुरक्षा प्रदेश सरकार सुनिश्चित करें जिससे भयमुक्त होकर व्यापारी व्यापार कर सकें इस बैठक में प्रणय केसरवानी पंकज कुमार केसरवानी बबलू अतुल केसरवानी मूरत ध्वज वर्मा गुरु प्रसाद वर्मा राजेंद्र कुमार वर्मा जुगल किशोर वर्मा पन्ना लाल वर्मा गौतम दिनेश कुमार केसरवानी श्याम सुंदर वर्मा इंद्रजीत वर्मा कल्लू प्रसाद सोनी जितेंद्र अग्रहरि लालता प्रसाद राजू वर्मा अतिन कुमार केसरवानी मोनू हनुमान प्रसाद सोनी माता प्रसाद सोनी अमित कुमार वर्मा मनु सोनी सहित तमाम व्यापारी उपस्थित रहे।

## बेटे की सूचना पर तमंचा समेत पिता गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पिता के पास तमंचा होने की सूचना बेटे ने पुलिस को दी है बेटे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पिता के हाथों से तमंचा बरामद किया और पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है मामला सराय अकिल थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के नगर पंचायत सराय अकिल के बुद्धपुरी मोहल्ला निवासी गिरिजा शंकर पुत्र भैरोदीन अपने परिवार के साथ मारपीट कर रहे थे वह पत्नी और बेटे को कट्टा लेकर जान से मारने की धमकी दे रहा था।लड़ाई के दौरान मौका मिलते ही बेटे ने सराय अकिल पुलिस को पिता के पास तमंचा होने की सूचना दिया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची मौके पर ही पुलिस ने अभियुक्त को कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया और लिखा पढ़ी कर जेल भेज दिया।

## यातायात नियमों का पालन कर जीवन को सुरक्षित बनायें : डीएम

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने सोमवार को मंझनपुर चौराहे पर आयोजित यातायात सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने यातायात के नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने लोगों को यातायात के नियमों का पालन कर जीवन को सुरक्षित बनाये रखने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि समय अमूल्य है, जीवन बहुमूल्य है। सभी लोग सड़क यातायात के नियमों का पालन करते हुए अपने वाहन को चलायें जिससे दुर्घटना से बच सकें। उन्होंने लोगों को यातायात कि नियमों के पालन के बारे में जागरूक करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि नशे की हालत में वाहन कदापि न चलायें, वाहन निर्धारित गतिसीमा के अन्दर ही चलायें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वाहन चालक यातायात संकेतो का पालन अवश्य करें, मुड़ते समय आवश्यकतानुसार हार्न, इंडीकेटर, तथा रात्रि में डिपर का प्रयोग अवश्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि अगले वाहन से कम से कम 20 फिट की दूरी अवश्य बनाये रखें जब तक अगले वाहन से संकेत न मिले तब तक ओवरटेक न करें। प्रत्येक वाहन चालक वाहन प्रदूषण की नियमित जांच करायें तथा रेलवे क्रासिंग बन्द होने की दशा में उसे पार करने का प्रयास न करें। दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को हास्पिटल पहुचाने में सहायता करें एवं चिकित्सा विभाग के एम्बुलेन्स का प्रयोग अवश्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना की सूचना 112 नम्बर पर तत्काल पुलिस को दें, वाहन चलाते समय वाहन से संबंधित पेपर अवश्य रखें। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करें, सड़क दुर्घटनाओं से बचे। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर ने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान वाहन चालक सहयोग करे। उन्होंने कहा कि चेकिंग के समय वाहन न भगायें क्योंकि दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने कहा कि मोटर साइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने 4 पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बालिग होने से पूर्व वाहन चलाना दण्डनीय है सुरक्षित चलने में ही यात्रा का आनन्द है। वाहन चालक स्कूल, तिराहा, चौराहा इत्यादि स्थानों पर अपने वाहन की गति धीमी कर लें। उन्होंने कहा कि ज्वलनशील पदार्थ को गाड़ी में न ले जायें, वाहन चालक बिना वैध लाइसेन्स के गाड़ी न चलायें। फुटवोर्ल्डों पर लटक कर यात्रा न करें तथा वाहनों पर अनिधिकृत लाइट न लगाए। वाहन चलाते समय वाहन चालक मोबाइल या टेपरिकार्ड का प्रयोग कदापि न करें। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन शंकर सिंह ने भी यातायात के नियमों के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस अवसर पर वाहन चालक वाहन स्वामी आमजनता गणमान्य ब्यक्ति सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



यातायात कार्यक्रम में वाहन को झंडी दिखा कर रवाना करते जिलाधिकारी

## फर्जीवाड़े पर नायब तहसीलदार ने बीएलओ को लगाई फटकार

**कुण्डा।** मतदाता सूची में फर्जीवाडे की हकीकत खंगालने पहुंचे कुण्डा के नायब तहसीलदार ने बीएलओ को जमकर फटकार लगाई। ग्रामीणों का आरोप था कि बीएलओ ने मतदाता सूची में गड़बडी की है।

सोमवार को ग्राम सभा फूलपुर रामा के मतदाता सूची में हुए फर्जीवाड़े की जांच करने नायब तहसीलदार कुंडा बृजमोहन शुक्ला पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की। ग्रामीणों ने बताया की प्रधान की सह पर बीएलओ राम विशाल यादव ने 174 मतदाताओं का नाम काटकर उन्हें मृतक या बाहरी घोषित करके मतदता सूची से नाम हटा दिया। जबकि 174 नाम बाहरी लोगों। उन लोगों का फूलपुर रामा से कोई लेना देना नहीं है। जिन नामों को बढ़ाया गया है उनमें किसी का आधार ही नहीं लगा है और कितने आधार ऐसे हैं जो स्कैन करके बनाए गए हैं। मतदाता सूची में फजीर्वाड़े को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। नायब तहसीलदार बृजमोहन शुक्ला ने जब जांच किया तब यह पाया कि यह सारी कारस्तानी विशाल यादव बीएलओ की है। नायब तहसीलदार ने विशाल यादव को आदेशित करते हुए कहा जितने नाम बाहरी हैं उन्हें तुरन्त हटाया जाए और जिन लोगों का नाम कटा है या जो का नाम बढ़ना चाहिए उनका नाम बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाही की जाएगी। इस मौके पर मातादीन, जेपी पटेल, राकेश सरोज, भोला सरोज,सहित फूलपुर रामा के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।



मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर हकीकत खंगालने पहुंचे कुण्डा नायब तहसीलदार

### शोक संवेदना व्यक्त करने पहुँची महिला जिलाध्यक्ष

कुंडा। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी प्रतापगढ़ की महिला जिलाध्यक्ष ह्नवन्दना उपाध्याय महिला प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी सदस्य राधा सरोज के पति के आकस्मिक निधन पर उनके निज निवास सड़वा दुबान पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने आर्थिक मदद करते हुए आश्वासन दिया कि पूरा जनसत्ता दल परिवार दुःख की इस घड़ी में उनके साथ है । उक्त मौके पर महिला प्रकोष्ठ की जिला महासचिव वासिनी विश्वकर्मा ,जिला उप सचिव नीरजा त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष सुभद्रा सिंह आदि मौजूद रही।इसी क्रम में जनसत्ता दाल लोकतांत्रिक पार्टी की महिला जिलाध्यक्ष बन्दना उपाध्याय ने पट्टी के रायपुर गाँव जाकर सरार्फा व्यापारी मो0 अहमद से हुई लूट और हत्या की घटना पर शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को

## चेकिंग के दौरान दो संदिग्धों के पास आठ लाख नगद बरामद

**प्रतापगढ़।** कोतवाली नगर के भगवा चैराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने अपाचे बाइक सवार दो युवकों को दबोच लिया। उनके पास से आठ लाख रुपये बरामद किये।बरामद रुपए के संबंध में कोई वैध कागजात न दिखाये जाने पर पुलिस ने रुपयों को कब्जे में लेकर आयकर विभाग को जांच के लिए पत्र लिखा है।गिरफ्तार दोनों युवकों के खिलाफ विधिक कार्यवाई की जा रही है। पुलिस सूचना के अनुसार बीती रात कोतवाली नगर के उपनिरीक्षक इंद्रेश कुमार अपने हमराह सिपाहियों के साथ नगर के भगवा चैराहे पर वाहनों की चेकिंग लगाए थे।इसी बीच उन्होंने एक अपाचे बाइक सवार दो युवकों को रोका और जब उनकी चेकिंग करने लगे तो उनके पास से आठ लाख रुपये नगद बरामद हुए। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना नाम अशोक कुमार निषाद और संतोष कुमार निषाद पुत्रगण फूलचंद्र निषाद निवासी गहबरा थाना आसपुर देवसरा जिला प्रतापगढ़ बताया।

### दो ट्रक टकराए, बाल-बाल बचे ड्राइवर

**कुण्डा।** मानिकपुर के विष्णु नगर मोहल्ले के पास प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर सोमवार सुबह दो ट्रक सामने से टकरा गए। आसपास के लोगों की मानें तो ओवरटेक करने के प्रयास में दोनों ट्रक भिड़े। प्रयागराज की ओर से जा रहे ट्रक का अगला हिस्सा, लखनऊ की ओर से आ रहे ट्रक के पिछले हिस्से से टकराकर रगड़ते हुए निकला। इससे अगले हिस्से से टकराने वाले ट्रक का दाहिना हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालंकि दोनों ट्रकों के ड्राइवर बाल-बाल बच गए। घटना के बाद दोनों आपस में विवाद करने लगे। पुलिस पहुंची तो दोनों को थाने ले गई।